Total Pages : 4

H-5943

M.A. (Final) (Semester-IV) Examination, July 2022

हिन्दी

(प्रयोजनमूलक हिन्दी)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 70

Minimum Passing Marks : 26

निर्देश : प्रश्न-पत्र चार खण्डों में विभक्त है। सभी चार खण्डों के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए। अंकों का विभाजन प्रत्येक खण्ड में दिया गया है।

खण्ड-अ

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का हैं [1×10=10]

   (i) क्रियोल किस प्रकार की भाषा है?

   (ii) प्रयोजनमूलक शब्द में प्र क्या है?

(iii) संक्षेपण का विलोमार्थक शब्द कहलाता है।

(iv) प्रयोजन हिन्दी से सम्बन्धित दंगल झाल्टे की पुस्तक का नाम बताइए।

(v) महाभारत के पटकथा लेखक का नाम बताइए।

(vi) टेलीड्रामा किस भाषा का शब्द है?

(vii) भारतीय संविधान की किस अनुसूची में भारतीय भाषाएँ उल्लिखित हैं?

(viii) वृत्त चित्र किस माध्यम के अंतर्गत माना गया है?

(ix) सरकारी पत्राचार में परिपत्र का अंग्रेजी शब्द किस रूप में प्रयोग होता है?

(x) साख पत्र क्या है?

(xi) प्रमुख सर्च इंजनों के नाम बताइए।

(xii) कम्प्यूटर के दो इनपुट डिवाइस का नाम बताइए।

खण्ड-ब

2. निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **दो** अंकों का है। (शब्द सीमा 25-30 शब्द) [5×2=10]

(i) सम्पर्क भाषा और अंतर्राष्ट्रीय भाषा में प्रमुख अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ii) प्रयोजनमूलक हिन्दी की परिभाषा लिखिए।

(iii) विज्ञापन की भाषिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(iv) लिंक ब्राउजिंग से क्या तात्पर्य है?

(v) प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अनुवाद का महत्व बताइए।

(vi) जनसंचार को परिभाषित कीजिये।

(vii) फीचर लेखन क्या है?

खण्ड-स

3. निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **चार** अंकों का है। (शब्द सीमा 250 शब्द) [5×4=20]

(i) प्रयोजनमूलक हिन्दी की विभिन्न प्रयुक्तियों को रेखांकित कीजिए।

(ii) कार्यालयी हिन्दी के स्वरूप और विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(iii) जनसंचार के दृश्य माध्यमों के विविध क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए।

(iv) विज्ञापन लेखन के विभिन्न स्वरूप और महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

(v) कम्प्यूटर के क्षेत्र में प्राप्त होने वाली हिन्दी की सुविधाओं और उनकी उपयोगिता का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

(vi) साहित्यिक और तकनीकि अनुवाद में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(vii) व्यावसायिक पत्र लेखन के स्वरूप और प्रकारों का वर्णन कीजिए।

खण्ड–द

4. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **दस** अंकों का है। (शब्द सीमा 500 शब्द) [3×10=30]

(i) हिन्दी भाषा के विविध रूपों पर प्रकाश डालते हुए मातृभाषा के महत्त्व को बताइए।

(ii) भारतीय संविधान में राजभाषा हिन्दी सम्बन्धी प्रावधानों का उल्लेख कीजिए।

(iii) हिन्दी के विस्तार में कम्प्यूटर और इंटरनेट के योगदान का मूल्यांकन कीजिए।

(iv) हिन्दी की प्रयोजनीयता में अनुवाद की भूमिका को सारगर्भित रूप में व्याख्यायित कीजिए।

----x----